
Empowering Youth through Community Service

36 Cyber Awareness Workshops Delivered

Goal
100 Cyber Awareness Workshops

सरकारी स्कूलों/कॉलेजों में और अधिक साइबर जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित करने में हमारी मदद करें

# कॉलकम सदस्यता प्रोग्राम










All payments or donations made to us are eligible for tax exemption under 80G of IT act ITBA/EXM/S/80G/2019-20/1019527599(1)

www.collcom.org
+91-9868189955

collcom
Empowering Youth through Community Service

# सदस्यता प्रोग्राम

## सदस्यता प्रोग्राम लाने का उद्देश्य ?

अपने देश में कार्य कर रहे सभी जो मेहनत से एक-एक रुपए कमाते है उनका सारा कमाया हुआ, धन बस एक गलती से साइबर अपराधी लूट लेते है। आप इस आंकड़े से समझ सकते है की अपने देश में कितने फ्रॉड होते है और कितने लोग रिपोर्ट कर पाते है। यदि हम केवल **2020 की बात करे** तो **11,58,208** फ्रॉड हुए जिनमे NCRB के अनुसार **50,035** रिपोर्टेड डाटा है, और 2021 में **14,02,809** फ्रॉड हुए है। अब आप समझ गए होंगे की कितने तेजी से साइबर अपराध बढ़ रहे है ।

कोविद लॉक डाउन होने के बाद हमने **50000 से अधिक लोगो** को **आनलाइन साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण** के माध्यम से जागरूक, **ऑनलाइन वेबिनार और ऑफलाइन वर्कशॉप** के माध्यम से **10000** से अधिक लोगो को जागरूक, सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से **30000** से भी ज्यादा लोगो के जीवन में लगातार नये-नये साइबर फ्रॉड को पोस्टर और वीडियो के माध्यम से साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का कार्य किया है |











अब हम इस जागरूकता प्रशिक्षण की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए पूरे देश के कोने कोने तक पहुंचने के लिए **membership program (सदस्यता अभियान)** उन सभी लोगो के लिए लेके आए है, जो अपने देश के हित में सोचते है, और समाज के लिए कुछ करना चाहते है, साथ ही समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाना चाहते है, और आपका ये छोटा प्रयास किसी के घर के खुशियों को कायम रखेंने में अहम भूमिका अदा करेगा।

collcom
Empowering Youth through Community Service

# सदस्यता प्रोग्राम

## संस्था के बारे में जानकारी




CollCom का मतलब (**कॉलेज-कम्युनिटी**), कॉलेज को कम्युनिटी से जोड़ना है | यह एक गैर-सरकारी और गैर-लाभकारी युवा-आधारित पंजीकृत संगठन है। यह **नीति आयोग** पर भी पंजीकृत है और **आयकर अधिनियम, 1961 के 12A और 80G** के साथ प्रमाणित है।

इसकी स्थापना के बाद से हम सामाजिक सेवाओं के विभिन्न आयामों, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, अनुसंधान और साइबर सुरक्षा के माध्यम से देश भर में **50,000 से भी ज्यादा लोगो** के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पैदा किया।

इस **संगठन का उद्देश्य** युवाओं में नागरिक जिम्मेदारियों को विकसित करने के लिए कॉलेजों को समुदाय से जोड़ना है, व देश भर के **स्कूलों और कॉलेजों में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों, NYKS और अन्य युवा नेतृत्व वाले संगठनों को मजबूत करने** के लिए कार्य करना है।

यह संगठन पढाई कर रहे विद्यार्थी और काम करने वाले लोगो को सड़क के किनारे रहने वाले गरीब परिवार एवं बच्चों, विस्थापित लोगों, झुग्गी बस्तियों, अनाथालय, वृद्धाश्रम, सफाई-कर्मचारी, दिव्यांग, नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले, जेल में बंद कैदियों, किसानों के मदद के लिए प्रेरित करती है ताकि उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझा जा सकें, और अपने आप को पढाई के साथ साथ इस सामाजिक समस्या-समाधान प्रक्रिया में शामिल कर सकें, जिससे इन लोगों या ग्रामीणों के जीवन को उच्च भौतिक और नैतिक स्तर पर उठाया जा सके।

collcom
Empowering Youth through Community Service

# सदस्यता प्रोग्राम


## सदस्यता लेने के फायदे





संगठन सदस्यता ID कार्ड



मेंबरशिप के दौरान अच्छा कार्य करने पर अवार्ड, सर्टिफिकेट और आकर्षक इनाम



समाज कल्याण में दान के लिए गर्व महसूस करना




निःशुल्क साइबर सुरक्षा सर्टिफिकेट कोर्स/बुकलेट



कॉलेज/शहर/राज्य स्तर पर साइबर एम्बेसडर बनने का मौका



कॉलकम द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं/कार्यशालाएं में बिना किसी शुल्क के प्रवेश




साइबर सुरक्षा सहायता

**आज ही मेंबरशिप ले और समाज में अपना योगदान दें।**

www.collcom.org

# सदस्यता प्रोग्राम

## सदस्यों के लिए कार्य

सभी सदस्य को हमारे साइबर संस्कार ट्रेनिंग की श्रृंखला को आगे बढ़ाना होगा, उनका बस एक लक्ष्य होगा, अपने जिला के सभी लोगो को साइबर सुरक्षा की जानकारी देना ।

• Online - हमारे ऑनलाइन ट्रेनिंग को अधिक से अधिक लोगो तक पहुंचना।

• Offline - आप किसी विद्यालय, कॉलेज, कोचिंग संस्था तथा गांव के लोगो को जागरूक करेंगे। जिसके लिए हम आपको कंटेंट, ग्राफिक, व टेम्पलेट ऑनलाइन प्रदान करेंगे।

आप यदि जिला स्तर पर निर्धारित लोगो को जागरूक कर पाते है तो आप जिला स्तर के अध्यक्ष चुने जाएंगे। आपके अंतर्गत उस जिला में कार्य करने वाले हमारे सभी स्वयं सेवक आएंगे, जो आपको आगे का लक्ष्य प्राप्त करने में मदद करेंगे।

• इसी प्रकार आप पहले जिला फिर राज्य फिर राष्ट्रीय स्तर पर अध्यक्ष चुने जाएंगे।

• अपने अंतर्गत आने वाले सभी स्वयं सेवक/सेविकाओ को प्रशिक्षित भी करेंगे।

• आप अपने जिले में साइबर अपराध से संबंधित घटनाओं की जानकारी भी एकत्रित करेंगे जिसे हम अपने मैगजीन में प्रकाशित भी करेंगे।

• आप CollCom के द्वारा किए जाने वाले सभी पोस्ट को अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर भी साझा करेंगे।

• CollCom द्वारा कराए जाने वाले सभी webinar में आपकी सहभागिता सुनिश्चित होना अनिवार्य होगा।

• आपको साइबर सुरक्षा के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में भी कार्य करने के अवसर प्राप्त होंगे जैसे पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण, गरीबों को मुफ्त में शिक्षा, स्वास्थ संबंधित समस्याएं, सरकार द्वारा सभी संचालित योजनाओं से परिचित कराना इत्यादि।

collcom
Empowering Youth through Community Service

# सदस्यता प्रोग्राम

## सदस्यता कैसे ले ?



- सबसे पहले लिंक पर क्लिक करे।
- अब आपके सामने एक पेज खुलेगा जिसमे आपको कुछ जानकारी भरनी होगी (जैसे नाम, मोबाईल नंबर, पत्राचार का पता, पासपोर्ट के आकार का फोटो, Government proof... इत्यादि
- सभी जानकारी ध्यानपूर्वक भरने के बाद submit button पर क्लिक करे।
- अब आप पेमेंट पेज पर है, यहां पहले से सुनिश्चित मेंबरशिप राशि **(Rs 99/-)** का भुगतान करे।
- अब दिए गए लिंक से **WhatsApp Group** से जुड़े जहा आपको प्रतिदिन जानकारी प्राप्त होगी।
- पेमेंट सफलतापूर्वक होने के पश्चात आपको **मेंबरशिप ई-कार्ड ईमेल पर सात दिन के अंदर प्राप्त** हो जायेगा।

**सदस्यता पंजीकरण लिंक- https://forms.gle/rTFfLMT5RBc1TMsc6**

आप अपनी **आर्थिक स्तिथि के आधार पर इससे ज्यादा अमाउंट भी डोनेट कर सकते है** ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगो तक साइबर अपराध और सुरक्षा से जागरूक करवाया जा सके।

**ध्यान दे : अगर आप डोनेशन राशि Rs 2000/- से अधिक का करते है तो आपको इनकम टैक्स एक्सेम्पशन सर्टिफिकेट भी दिया जा सके जिसका लाभ आप अपने इनकम छूट में ले सकते है। इनकम टैक्स छूट के लिए सर्टिफिकेट प्राप्त करने करने के PAN कार्ड नंबर देना जरूरी है।**

**बधाई हो अब आप कॉलकम के सदस्य बन चुके है।**

CONGRATULATIONS

www.collcom.org

Empowering Youth through Community Service

# सदस्यता प्रोग्राम

## नियम और शर्तें




• जुड़ने वाले सभी सदस्य स्वयं सेवक/ सेविका के रूप में कार्य करेंगे इसके लिए उन्हें किसी भी प्रकार को धनराशि नही दी जाएगी।

• सदस्यता गैर हस्तांतरणीय होगी।

• यदि आप CollCom के सदस्य होने या CollCom नाम का दुर्पयोग करते हुए पाए जाते है तो उसी क्षण आपकी सदस्यता समाप्त हो जायेगी, और इस संदर्भ के लिए collcom जिम्मेदार नही होगा, साथ ही आपके खिलाफ सरकारी कानून के अंतर्गत सख्त करवाही की जायेगी।

• ये सदस्यता केवल 1 वर्ष के लिए होगा और यदि आप अपनी सदस्यता बरकरार रखना चाहेंगे तो हम पहले आपके एक वर्षो के कार्यों को देखेंगे और उसी आधार पर उसे दुबारा से बढ़ा दिया जायेगा।

• CollCom, सभी सदस्यों द्वारा केवल समाज के हित में किए गए कार्यों के लिए जिम्मेदार होगा।

• CollCom किसी भी तरह से अपने सदस्यों की योग्यताओं को प्रमाणित नही करता है , यदि उनके द्वारा समाज के हित में किए गए कार्य का गलत परिणाम मिलता है तो इसके लिए वो स्वयं जिम्मेदार होंगे ।

• आईडी कार्ड न प्राप्त होने या गलत छपाई के संदर्भ में आप संस्था के ईमेल आईडी pr@collcom.org पर कारण देते हुए मेल करे।

Empowering Youth through Community Service

# सदस्यता प्रोग्राम

## घोषणा पत्र

- मैं इस सदस्यता को ग्रहण करने से पूर्व सभी बताई गई जानकारियों और नियमों को सावधानी पूर्वक पढ़ा/पढ़ी हु और इस सदस्यता को लेने के लिए सहमति दर्ज करता/करती हूँ ।

- मैं प्रतिज्ञा लेता/लेती हूं की कॉलकम द्वारा बताए गए सभी नियमों का पालन करूंगा/ करूंगी और समाज में बढ़ रहे साइबर अपराधो को अपने स्तर से रोकने का प्रयास करूंगा/ करूंगी और यदि मेरे द्वारा किसी भी प्रकार की जाने /अनजाने में कोई गलती होती है, जिससे समाज के या सरकारी किसी नियम का उलंघन होता है तो संस्था इसके लिए जिम्मेदार नही होगा।